मेरी श्याम सोइ किस्मत जगा दो भजन लिरिक्स

मेरी श्याम सोइ किस्मत जगा दो,
मैं चल ना सकूंगा मुश्किल डगर पे,
उंगली पकड़ कर चलना सीखा दो,
मेरी श्याम सोई किस्मत जगा दो।bd।
meri shyam soi kismat jaga do lyrics
तर्ज – वो जब याद आए।

लड़खड़ाए कदम गिर पड़ूँ राह में,
लोग हँसते प्रभू मेरे सब हाल पे,
देखेगी दुनिया प्रीत तुम्हारी,
बुझता हुआ सितारा रोशन करा दो,
मेरी श्याम सोई किस्मत जगा दो।bd।

गलतियां की बहुत मैं गुनहगार हूँ,
अपने कर्मो पे श्याम अब शर्मशार हूँ,
अवगुण बिसारो मेरे कन्हैया,
पिता की तरह मुझको जरा थपथपा दो,
मेरी श्याम सोई किस्मत जगा दो।bd।

मैं पुकारूँ तुम्हे तुम छिपे हो कहाँ,
मिलके तुमसे करूँ दिल की कुछ दास्ताँ,
'अपर्णा' तो मांगे तुमको तुम्ही से,
'तिशा' को बाबा दर्शन करा दो,
Shyam Bhajan Diary Lyrics,
मेरी श्याम सोई किस्मत जगा दो।bd।

मेरी श्याम सोइ किस्मत जगा दो,
मैं चल ना सकूंगा मुश्किल डगर पे,
उंगली पकड़ कर चलना सीखा दो,
मेरी श्याम सोई किस्मत जगा दो।bd।

Singer – Aparna Mishra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com